# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142


क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/666-684 दिनांक :- 19/03/2025

## ई–निविदा सूचना संख्या 30/2024–25

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा निम्नांकित टेन्ट कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी संवेदकों/फर्मों से ई निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, से प्राप्त कर सकेंगे।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) — 24.03.2025 से 05.04.2025 तक
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क व तकनिकी बिड के दस्तावेज ऑन-लाईन अपलोड करने की तिथि — 24.03.2025 से 05.04.2025 तक
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 07.04.2025 (प्रातः 11:00 बजे)
- वित्तीय बिड खोलने की तिथि : तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

| क्र सं | कार्य का नाम | अनुमानित (लाखों में) | धरोहर राशि 2.0% | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण के सेक्टर 01 से 04 में विभिन्न अवसरों पर टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य। | 30.00 | 60000/- | 1500/- | 500/- | 12 माह |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण के सेक्टर 05 से 08 में विभिन्न अवसरों पर टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य। | 30.00 | 60000/- | 1500/- | 500/- | 12 माह |

### निविदा की शर्तें :–

1. आर टी पी पी एक्ट 2012 एवं आर टी पी पी 2013 के नियम एवं शर्तें निविदा में लागू होगे ।
2. निविदाताओं को निविदा शुल्क /बोली प्रतिभूति एवं प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com,ll SUBMISSION DATE AND TIME से पूर्व जमा करवाकर उसकी प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जायेगा । निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस (Non-Refundable) वापस नहीं की जावेगी।
3. बोली आमंत्रण प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप में ऑन लाईन प्रस्तुत किए जाने है
4. निविदा में स्वीकृत सामग्री/सेवाओं की दरें कार्यादेश तिथि से 1 वर्ष के लिये मान्य होगी,उक्त अवधि को आपसी सहमति से 1 वर्ष के लिये ओर बढाया जा सकता है।
5. ई –बोली प्रपत्र दो भागों में है । प्रथम भाग तकनीकी बीड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बीड है । बोली दाता द्वारा तकनीकी बीड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुये मय सील eproc पोर्टल पर अपलोड करना है ।वित्तीय बीड आनलाईन boq में ही प्रस्तुत की जानी है । इससे भिन्न रूप मे प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा । वित्तीय दर वाला बीड डाक्यूमेंट केवल उन्ही फर्मो का खोला जायेगा ,जिसे कमेटी द्वारा तकनीकी बीड डाक्यूमेंट मे योग्य समझा जायेगा ।
6. निविदा दाता निविदा राशि की 2.00प्रतिशत अमानत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा । प्रतिभूति घोषणा पत्र की मूलप्रति भी उनके द्वारा निर्धारित समय दिनांक पर कार्यालय मे जमा करानी होगी ।
7. संवेदक को किसी किसी भी राजकीय संस्था विभाग ,बोर्ड, कारपोरेशन अथवा उपक्रम मे वर्तमान में ब्लेक लिस्टेड/डी बार अथवा डिफाल्टर घोषित नहीं किया जाना चाहिए इस संबंध में 100 रूपये के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है ।
8. फर्म का नाम एवं पता मय टेलीफोन नम्बर फर्म की स्थिति एकाकी/पार्टनरशिप/प्रा लि/आदि का विवरण संलग्न करना होगा साथ ही फर्म का पैनकार्ड नं0 की छायाप्रति संलग्न करनी होगी ।
9. फर्म का जी एस टी विभाग द्वारा जारी जीएसटी सर्टिफिकेट मय नवीनतम जीएसटी रिर्टन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करनी होगी।
10. संवेदक को उपरोक्त कार्य मे भाग लेने के लिए विगत तीन वित्तीय वर्ष मे निविदा राशि का वार्षिक औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत टर्न ओवर प्रतिवर्ष का होना आवश्यक होगा । इस हेतु संवेदक द्वारा सी ए से प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट लगाया जाना आवश्यक होगा ।

संवेदक को किसी भी राजकीय विभाग अथवा राजकीय उपक्रम में समान प्रकृति के गत 3 वर्षों में निम्नानुसार सम्पादित कार्य जिसका अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

< एक कार्य का अनुमानित लागत का 80 प्रतिशत के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा

या

< दो कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 50 प्रतिशत के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा

या

< तीन कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 40 प्रतिशत के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा

12. संवेदक को निविदा में मांगे गये दस्तावेजो की पूर्ती कर लगाया जाना आवश्यक होगा । यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती नही किये जाने पर उस फर्म को असफल माना जावेगा ।
13. स्वीकृत निविदादाता को नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा समय समय पर आदेश मिलने पर नगर निगम कोटा दक्षिण निर्दिष्ट स्थान पर सामान की निर्देशानुसार पूर्ण व्यवस्था करनी होगी । सामान टूट फूट रहित साफ तथा अच्छी क्वालिटी का होना आवश्यक है । स्वीकृत निविदाता को इसके लिये अतिरिक्त चार्ज देय नहीं होगा । सामान की संख्या में कमी या बढ़ोतरी करने का अधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण को पूर्ण अधिकार होगा ।
14. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी । शर्तो की अवहेलना/खराब सामान आपूर्ति करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा दक्षिण को पूर्ण अधिकार होगा । ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनःनिविदा आमंत्रित की जा सकेगी । नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा दक्षिण ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा,जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी ।
15. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण को होगा ।
16. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित होगी ।
17. फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर कटौती भुगतान करते समय की जावेगी ।
18. यदि निविदादाता किसी कार्यादेश की पूर्ति समय पर नही कर पावें अथवा आदेशों की अवहेलना करता है या आदेशों को लेने से मना करता है तो 5000/–रूपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना आगामी होने वाले भुगतान राशि में से काटा जावेगा ।
19. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार को मान्य होंगें । इसकी पुष्टि में बाद में आदेशों जारी किये जा सकेंगें
20. ठेकेदार के ठेके को निरस्त करने की अवस्था में नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा उचित समझे जाने पर निविदा में भाग लेने वाली अन्य फर्मो से प्रथम निविदादाता वर्तमान ठेकेदार की अनुमोदित दरों पर कार्य करने की सहमति लेकर कार्य कराया जा सकेगा जो शेष अवधि के लिये होगा ।
21. सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय न्यायालय को ही क्षेत्राधिकार होगा ।
22. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होंगे ।
23. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी ।
24. यदि किसी निविदा दाता द्वारा टेन्डर की राशि से कम दर भरी जाती है तो सफल निविदा दाता को निदेशालय आदेश क्रमांक प.6 (ब) (431) (E-17052) स्वी/लेखा/डिएलबी/नागौर/2020/950 दिनाक 22.10.2024 अनुसार अन्तर राशि (Additional Performance Security) 14 दिवस में BG/FDR/NSC के रूप में नगर निगम कोटा दक्षिण में जमा कराए जाने पर कार्यादेश जारी किया जावेगा। कार्य सन्तोषप्रद पूर्ण होने के पश्चात् वापस लौटा दी जावेगी।
25. निविदादाता दरो की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी।
26. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
27. EPF & ESI विभाग में पंजीकृत संवेदक रजिस्ट्रेशन की प्रति तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा 100/–रू0 के स्टाम्प पर EPF & ESI से श्रमिकों के भुगतान की ओडिट कराने एवं EPF & ESI के समस्त प्रकार के दायित्वों का निर्वहन एवं नियोजित श्रमिकों का EPF & ESI विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा तथा भविष्य में पी.एफ. और ई. एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी शपथ पत्र पर आलेखित कर तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मूल शपथ पत्र उपलब्ध कराना होगा।
28. तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
29. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

नोटः– तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– नगनिको/दक्षिण/निर्माण/2025/ 666 – 684 दिनांक :– 19/03/2025

## ई–निविदा सूचना संख्या : 30/2024–25

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा निम्नांकित टेन्ट कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी आवेदकों/फर्मो से निम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 60.00 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 24.03.25 से दिनांक 05.04.25 तक आमन्त्रित की जाती है। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनु.लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण के सेक्टर 01 से 04 में विभिन्न अवसरों पर टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य। | 30.00 |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण के सेक्टर 05 से 09 मे विभिन्न अवसरों पर टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य। | 30.00 |

NIB Code No. DLB2425A6637

UBN No. DLB2425WSOB21478 UBN No. DLB2425WSOB21479

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण
दिनांक :– 19/03/2025

क्रमांक :– नगनिको/दक्षिण/निर्माण/2025/ 666–684
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. महापौर/उप महापौर, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. उप महापौर, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. अध्यक्ष महोदय (निर्माण समिति) नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त (I, II, राजस्व) नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
12. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ............ नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
13. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
14. निजी सहायक (महापौर, उप महापौर, नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्ष (निर्माण समिति) अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II)/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 326/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
15. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण